Since 1936
दैनिक नवज्योति .com
DAINIK NAVAJYOTI

अब ई–मित्र के माध्यम से मिलेगा डॉक्टरी परामर्श

'आस्क ए डॉक्टर' टेलीमेडिसन सेवा 33 हजार कियोस्क के साथ पूरे प्रदेश में

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

राजस्थान के प्रत्येक गांव के लोग अब विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं तुरंत पा सकते हैं। उन्हें कई मीलों तक सफर करके डॉक्टर से मिलने नहीं जाना पड़ेगा। राजस्थान के 33 जिलों में ई-मित्र के अंतगर्त इबिक्स ने ये पहल की है। इस टेलीमेडिसन सेवा के जरिए लोग किसी भी समय और किसी भी दिन हिंदी भाषा में विशेषज्ञों से सेहत से जुड़ी सलाह ले सकते हैं। 'आस्क ए डॉक्टर' के माध्यम से लोग दिन में सेहत से जुड़े परामर्श ऑनलाइन, ईमेल और फोन के जरिए विशेषज्ञों से ले सकते हैं। आस्क ए डॉक्टर सेवा में लोग अपनी सेहत से जुड़ी समस्या के साथ लैब की रिपोर्ट या चित्र को अटैच करके दुनियाभर के डॉक्टरों से अपने सवालों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को फायदा पहुंचाना है।

ये है योजना: इबिक्स के प्रेसिडेंट और सीईओ रोबिन रैना का कहना है कि इस योजना के अंतगर्त लोग ई-मित्र कियोस्क में जाकर तय भुगतान करके दुनियाभर के जाने-माने डॉक्टरों व विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं।